पत्र संख्याः–

कार्यालय प्रबंधक

बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

प्रेषक,

कुमार आलोक रंजन,
प्रबंधक,
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क (प्रेस) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना दिनांक–

विषयः– प्रेस विज्ञप्ति संख्या–PR no-002041(Labour)2026-27 द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना का शुद्धि पत्र के प्रकाशन के संबंध में।

प्रसंगः– कार्यालय पत्रांक–274 दिनांक–27.04.26।

.महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधिन पत्र के आलोक में प्रेस विज्ञप्ति संख्या– **PR no-002041(Labour)2026-27 द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना के शुद्धि पत्र** को प्रमुख हिन्दी एवं अंग्रेजी के विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का निदेश प्राप्त हुआ है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न शुद्धि पत्र को विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु0–सी0डी0 के साथ अल्पकालीन शुद्धि पत्र संलग्न।

विश्वासभाजन

(कुमार आलोक रंजन)
प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

ज्ञापांक–

पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा के e-advertisement हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा करेंगे।

प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

ज्ञापांक– 310

पटना, दिनांकः– 08/05/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।

D:sneha/tender-2026

बिहार सरकार
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग।
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।
प्रेस विज्ञप्ति PR No-002041 (Labour) 2026-27

शुद्धि पत्र–01 दिनांक–08.05.26

बिहार सचिवालय भोजशाला द्वारा **प्रेस विज्ञप्ति PR No-002041 (Labour) 2026-27 से कुल दो ग्रुप** (1) चाय ग्रुप (चाय लिप्टन, कॉफी नैषकैफे) (2) मीट खस्सी, मीट मुर्गा एवं अंडा ग्रुप मे अल्पकालीन निविदा दिनांक–11.05.2026 तक आमंत्रित की गयी है।

सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि मूल बोली दस्तावेज के निविदा की शर्त में निम्न संशोधन सहित अल्पकालीन निविदा की अवधि निम्नरूपेण विस्तारित की जाती हैः–

निविदा के शर्त के क्रमांक–6 पर अंकित शर्त चाय एवं कॉफी ग्रुप में लिप्टन/नेशले में कम्पनी सी0 एन0 एफ0 (CNF) एजेन्ट अथवा कम्पनी के अधिकृत डीलर को ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है, मे आंशिक संशोधन के पश्चात क्रमांक 6 पर अंकित शर्त को निम्नवत पढ़ा जायः–

चाय एवं कॉफी ग्रुप में लिप्टन/नेशले में कम्पनी सी0 एन0 एफ0 (CNF) एजेन्ट अथवा कम्पनी के अधिकृत विक्रेता को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। शेष निविदा दस्तावेज एवं शर्तें यथावत रहेगी।

फलस्वरूप उक्त दो ग्रुप में अंकित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु तकनीकी एवं वित्तीय अल्पकालीन निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में (द्वि–लिफाफा पद्धति) निबंधित डाक या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में अवस्थित डाक बॉक्स में दिनांक–22.05.26 **को 3 बजे अपराह्न** तक प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला (पुराना (मुख्य) सचिवालय के विस्तारित भवन ब्लॉक–02) पटना के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदाओं के तकनीकी निविदा को निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक–22.05.26 **को 4 बजे अपराह्न** में क्रय समिति के समक्ष नियोजन भवन, बेली रोड, पटना अवस्थित संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। केवल उन्हीं निविदाओं के वित्तीय अल्पकालिन निविदा को निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक–22.05.26 **को 4 बजे अपराह्न** में खोला जाएगा, जिनका तकनीकी निविदा शर्त्तों के अनुरूप होगा। निविदा के संबंध में आवश्यक सूचना एवं प्रमुख शर्त्तें श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के वेबसाईट http://State.bihar.gov.in/labour अथवा http://State.bihar.gov.in/prdbihar पर उपलब्ध है। प्रबंधक, बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय अवधि में कार्यालय दुरभाष 0612–2217216 अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नोटः–वैसे निविदादाता जो मूल निविदा दस्तावेज एवं शर्तो के आधार पर निविदा में बोली प्रस्तुत कर चुके है, वे निविदादाता इस शुद्वि पत्र के आलोक में विस्तारित निविदा अवधि तक पुनः निविदा में भाग ले सकेगे।

प्रबंधक
बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना।